सार-समाचार

गोपाल बिहारी मंदिर में अन्नकूट महोत्सव मनाया,

मदनगंज-किशनगढ़,(निस)। निम्बार्काचार्य पीठ निम्बार्क तीर्थ सलेमाबाद द्वारा संचालित गोपाल बिहारी मंदिर पुराना शहर में अन्नकूट महोत्सव उल्लास के साथ आयोजित किया गया। जगतगुरु पिठाधीश्वर निम्बार्कचार्य श्रीजी महाराज के सान्निध्य में आयोज्य महोत्सव के दौरान लोकप्रिय भजन गायक ज्योति सैनी एंड पार्टी की और से सुमधुर भजनो की प्रस्तुति दी गई। भक्त गणो ने अलौकिक श्रंगार के साथ 56 भोग के दर्शन किये। महाआरती के बाद प्रसाद वितरण किया। समिति संयोजक रमेश राठी व अध्यक्ष राजेंद्र कुमावत ने बताया की गोपाल बिहारी मंदिर में काफी समय से अन्नकूट महोत्सव मनाया जा रहा है। धर्मानुरागियो द्वारा आस्था व उत्साह के साथ भक्तिमय माहौल के बिच सहयोग में भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। इस अवसर पर संयोजक रमेश राठी, अध्यक्ष राजेंद्र कुमावत, धर्मवीर कोठारी, महेश मुंदड़ा, श्रीनिवास कालानी, मोहित अजमेरा, सुनील जाखेटिया, दिनेश मालपानी, अमित कुमावत, कैलाश अजमेरा, प्रतीक कुमावत, रवि पुजारी, परमेश्वर शर्मा, गिरिराज राठौर, विपिन काबरा, नवरत्न न्याति, महेश मित्तल, अतुल शर्मा, ज्ञान मालाकार, मुकेश कुमावत, अमन सेन, कमल कुमावत, पंचूलाल मालाकार, हेमराज टाक, अवधेश सिंह, राम लखन, राजेश मालाकार, राजेश छापरवाल, मनोज कुमावत, मनमोहन लखोटिया आदि मौजूद रहे।

महामहोत्सव आज

अजमेर । परम पूज्य गुरूमाता राजस्थान सिंहणी शतपुष्पचन्द्रिका पुष्पवती माताजी महारासा का 101 वां जन्मोत्सव महामहोत्सव रविवार को अजमेर जैन श्री संघ मणिपुन्ज बीके कोल नगर में आयाजित होगा। रिखब सुराना ने बताया कि माताजी पुष्पवतीजी महारासा की गुणानुवाद सभा प्रातः 9 बजे से मणिपुन्ज में प्रारम्भ होगी ओर नीलम चौरडिया परिवार की ओर से दोपहर 12:15 बजे से गौतम प्रसादी का आयोजन होगा। जन्मोत्सव के उपलक्ष में जे.प्रकाशचन्द विमलाकंवर चौपड़ा चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से अनाथाश्रम, वृद्धाश्रम एवं निर्धन परिजनों को मिठाई वितरण किया जाएगा। अजमेर जैन श्री संघ संरक्षक प्रकाशचन्द चौपड़ा शिखरचन्द सिंगी, कैलाशचन्द गैलडा ने बताया कि जन्मोत्सव महामहोत्सव में भाग लेने मुंबई, चैन्नई, बैंगलोर, पुणे और राजस्थान से सैंकड़ो धर्मानुयायी अजमेर पहुंच रहे हैं जो महामहोत्सव के साक्षी होंगे।

व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश

भीलवाड़ा। आस्था के महापर्व छठ पूजा की तैयारियों के मद्देनजर भीलवाड़ा शहर विधायक अशौक कोठारी ने पुर रोड स्थित पीएनटी चौराहे के पास जलदाय विभाग परिसर में बने वाटर वर्क्स का निरीक्षण किया। विधायक कोठारी ने छठ पर्व के दौरान पूर्वांचल वासियों के लिए जल की उपलब्धता और स्वच्छता को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से वाटर टैंकों की सफाई और अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया।विधायक कोठारी ने जलदाय विभाग के अधिकारियों को मौके पर ही निर्देश दिए कि वाटर वर्क्स स्थित पानी के टैंकों की तत्काल और गहन सफाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही, परिसर के भीतर और आसपास की अन्य व्यवस्थाओं को भी जल्द से जल्द सुचारू किया जाए ताकि छठ पर्व के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। निरीक्षण के दौरान कई पूर्वांचल वासी भी मौजूद रहे, जिन्होंने विधायक को छठ पूजा से संबंधित अपनी समस्याओं से अवगत कराया। विधायक ने उन्हें आश्वस्त किया कि शहर मे छठ पर्व के दौरान जल और स्वच्छता से जुड़ी सभी व्यवस्थाएं चाक-चौबंद रहेंगी। छठ पर्व के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु घाटों पर पहुंचते हैं और जल स्त्रोतों का उपयोग करते हैं, जिसके चलते वाटर वर्क्स की सफाई और जल की गुणवत्ता सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक हो जाता है।

अन्नकूट महोत्सव मनाया

अरांई । पावर हाउस चौराहा स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर में अन्नकूट उत्सव बड़े श्रद्धा और भक्ति भाव से मनाया गया । हनुमान जी को मूंग मोठ, चवला, खिचड़ा, पुड़ी पकौड़ी सहित शारदीय व्यंजनों का भोग लगाया। इस अवसर पर हनुमान चालीसा सुंदरकांड पाठ का आयोजन हुआ। इस अवसर पर सैकड़ो भक्तों ने प्रसाद ठाहण किया। पुजारी छोटू लाल शर्मा ने कहा कि भगवान कृष्ण द्वारा गोवर्धन पूजन की परंपरा के रूप में प्रतिवर्ष अन्नकूट का भोग लगाया जाता है । इस दिन भगवान को अन्न का भोग लगाकर वर्षभर समृद्धि और मंगल की कामना की। इस अवसर पर नाथू लाल शर्मा, मोहन खंगार, कजोड़मल शर्मा, रामस्वरूप गुलानिया, गजानंदराकेश, योगेश दौलतवाल, महेंद्र पुरी, कैलाश राव, अनिल शर्मा अभिषेक शर्मा, रामप्रसाद वैष्णव सहित कई श्रद्धालु मौजूद रहे।

मूर्ति खंडित होने की सूचना का खंडन

भीलवाडा। विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स में विभिन्न ठ्ठापों पर बिजोलिया कलॉ में स्थित पंचायत समिति कार्यालय के सामने तालाब के किनारे स्वतंत्रता सेनानी साधु सीताराम दास की प्रतिमा को सुतली बम से उड़ाने एवं खंडित करने की खबरें प्रसारित हो रही है। तहसीलदार बिजोलिया ललित कुमार डीडवानिया ने बताया कि वस्तुस्थिति यह है कि किसी पटाखे जैसी वस्तु के फेंकने एवं रखने से मूर्ति के चारों तरफ लगे सुरक्षा फाइबर कवर खंडित हुआ है। साधु सीताराम जी की मूर्ति पूर्णतया सुरक्षित है। मूर्ति खंडित होने की प्रसारित सूचना भ्रामक है। पुलिस प्रशासन ने मामले को संज्ञान में ले लिया है एवं घटना को अंजाम देने वाले असामाजिक तत्वों की पुलिस द्वारा छानबीन की जा रही है। जिला कलेक्टर श्री संधू के निर्देशानुसार तहसीलदार द्वारा स्वयं प्रतिमा स्थल का निरीक्षण कर, फोटोठाफ एवं विडियों तैयार किये गये है। जिला प्रशासन द्वारा सोशल मीडिया पर इस प्रकार की भ्रामक खबरें फैलाने वाले के खिलाफ सख्त कदम उठाते हुए नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

पुष्कर मेले की व्यवस्था का जायजा

पुष्कर । अजमेर जिला कलकटर लोक बंधु ने पुष्कर मेले की व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए कई स्थानों का जायजा लिया,शनिवार की शाम को घाट सहित मेला मैदान का दौरा किया। जिला कलेक्टर लोकबंधु ने बताया कि श्रद्धालु यात्री को किसी प्रकार की समस्या नहीं हो इसके लिए पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। अधिकारियों को निर्देश दिया जा रहा है। इस दौरान उनके साथ अजमेर के एडीएम गजेंद्र सिंह राठौड़, पुष्कर के एसडीएम गुरु प्रसाद तवर,परिषद आयुक्त जनार्दन शर्मा, एसपी ग्रामीण दीपक कुमार, ठ्ठामीण डिप्टी रामचंद्र चौधरी पुष्कर थाना अधिकारी एवं पूरा स्टाफ मौजूद था. इस दौरान तीर्थ पुरोहित संजय पाराशर ने बताया कि ब्रह्म घाट के आसपास खूब पार्किंग है पार्किंग तक चार पहिया वाहनों को आने दिया जाए जिससे कि कोई समस्या नहीं हो और तीर्थ यात्री पुष्कर सरोवर पूजा अर्चना कर सके।

भारत में दुनिया को बदलने की ताकत, हम स्वदेशी अपनाएं-देवनानी

- भारतीय सामठी प्रबंधन संस्थान की कार्यशाला
- लागत में कमी और बेहतर लॉजिस्टिक प्रबंधन रहा विषय

अजमेर, । विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि भारत एक शानदार सामाजिक, सांस्कृतिक मूल्यों और जीवंत जीवन प्रणाली का देश है। हममें दुनिया को बदलने की ताकत है। स्वदेशी को अपनाने और लागत में कमी करके हम आर्थिक महाशक्ति बन सकते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश और मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान इसी दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने शनिवार को होटल सरोवर पोर्टिको में भारतीय सामग्री प्रबंधन संस्थान (आईआईएमएम) की अजमेर शाखा द्वारा लागत में कमी और बेहतर लॉजिस्टिक प्रबंधन विषय पर आयोजित कार्यशाला को संबोधित किया। देवनानी ने लागत में कमी, दक्ष लॉजिस्टिक प्रबंधन, उद्योग और शिक्षा के समन्वय की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने युवाओं को तकनीकी नवाचारों के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार की लॉजिस्टिक पॉलिसी-2025 राज्य को एक लॉजिस्टिक्स हब के रूप में विकसित करने, निवेश को आकर्षित करने और औद्योगिक परिवहन को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में एक सराहनीय कदम है। उन्होंने कहा कि लॉजिस्टिक प्रबंधन किसी भी अर्थव्यवस्था की रीढ़ है।

लॉजिस्टिक वह प्रणाली है जो उत्पादन से लेकर उपभोक्ता तक वस्तुओं को सही समय, सही स्थान और न्यूनतम लागत में पहुँचाने का कार्य करती है। इन योजनाओं का उद्देश्य भारत की लॉजिस्टिक लागत को जीडीपी के लगभग 13-14 प्रतिशत से घटाकर 8-9 प्रतिशत तक लाना है, जिससे हमारे उद्योगों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा में बढ़त मिल सके। आईआईएमएम की अजमेर शाखा अध्यक्ष ऋतु चौहान ने बताया कि सम्मेलन का उद्देश्य उद्योग और शिक्षा जगत के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए लागत में कमी एवं लॉजिस्टिक प्रबंधन के आधुनिक आयामों पर विचार-विमर्श करना है। कार्यक्रम में आईआईएमएम के अध्यक्ष ललित राज मीणा भी उपस्थित रहे। ललित राज मीणा द्वारा डॉ. विनेश जैन और विक्रम सिंह को उनके उत्कृष्ट समन्वय और योगदान के लिए सम्मानित किया गया। सम्मेलन ने उद्योग और शिक्षा के बीच विचारों के आदान-प्रदान तथा आधुनिक लॉजिस्टिक और लागत प्रबंधन प्रथाओं पर नई दृष्टि प्रदान की।

छठ महापर्व आज नहाय-खाय के साथ आरंभ

- पुरुष एवं महिलाएं लगभग 36 घंटे तक निर्जला उपवास रखकर माता छठ की आराधना करते हैं।

भीलवाड़ा। लोक आस्था, श्रद्धा और सूर्योपासना का चार दिवसीय छठ महापर्व आज नहाय-खाय के साथ आरंभ हो गया है। स्वच्छता, संयम और श्रद्धा का यह पर्व 25 से 28 अक्टूबर तक पूर्वांचल जनचेतना सेवा समिति के तत्वावधान में भक्ति और उल्लास के वातावरण में मनाया जाएगा।

समिति द्वारा आयोजित प्रेस वार्ता में बताया गया कि पहले दिन 25 अक्टूबर को नहाय-खाय, दूसरे दिन 26 अक्टूबर को खरना, तीसरे दिन 27 अक्टूबर को डूबते सूर्य को अर्घ्य, और अंतिम दिन 28 अक्टूबर को उगते सूर्य को अर्घ्य देकर यह महापर्व संपन्न होगा। खरना के बाद से व्रती पुरुष एवं महिलाएं लगभग 36 घंटे तक निर्जला उपवास रखकर माता छठ की आराधना करते हैं। पूर्वांचल जनचेतना सेवा समिति, भीलवाड़ा द्वारा इस वर्ष भी छठ पर्व का आयोजन मानसरोवर झील एवं पांसल चौराहे स्थित वाटर वर्क्स परिसर में भव्य रूप से किया जाएगा। समिति के अनुसार दोनों स्थलों पर लगभग 15,000 से अधिक श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। पूजा स्थल पर सुरक्षा, स्वच्छता, प्रकाश और श्रद्धालुओं की सुविधा के विशेष इंतजाम किए गए हैं। छठ पर्व के दौरान मानसरोवर झील परिसर में एक आकर्षक सांस्कृतिक संध्या का आयोजन होगा, जिसमें देशभर के प्रसिद्ध कलाकार अपनी प्रस्तुतियाँ देंगे। साथ ही वृंदावन और मथुरा से आए कलाकारों द्वारा झांकियां भी प्रस्तुत की जाएंगी, जो कार्यक्रम की भव्यता में चार चांद लगाएंगी। समिति संरक्षक श्री निम्बार्क आश्रम के महंत श्री मोहन शरण शास्त्री जी महाराज ने बताया कि विगत कई वर्षों से पूर्वांचल जनचेतना सेवा समिति द्वारा आयोजित यह पर्व अब भीलवाड़ा की सांस्कृतिक पहचान बन चुका है।

सामूहिक निकाह सम्मेलन आज

सरवाड़ । शहर में देशवालियान समाज के तत्वावधान में आयोजित 12 वें सामूहिक निकाह सम्मेलन आज रविवार को आयोजित किया जाएगा यह सामूहिक सम्मेलन किले के चौक स्थित दारुल उलूम मोहम्मदिया इस्लामिया देशवालिया उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में आयोजित किया जाएगा इस मौके पर शनिवार रात्रि को मायरा पहरावनी का कार्यक्रम आयोजित हुआ वहीं आज प्रातः 8 बजे से सामूहिक निकाह की रसम शुरू होगी। इस दौरान सम्मेलन सदर अजीज राठौड़ सम्मेलन सेक्रेटरी हाजी मोहम्मद फिरोज हरसोरी खजांची मोहम्मद यूनुस हरसौरी मोहम्मद इदरीश हरसोरी शफीक टांक इमरान राठौड़ लतीफ राठौड़ इस्माईल टांक अब्दुल सलाम खबीर सूमरा साहित अनेक समाज के लोग व्यवस्थाओं में जुटे हुए हैं इस सम्मेलन में हजारों लोग शिरकत करेंगे।

सार-समाचार

पुष्कर मेले में नगीना क़ो देखने उमड़े मेलार्थी

पुष्कर । एक फ़िल्म थी नगीना ने पूरी फ़िल्म इंडस्ट्री मे धूम मचा दी और अब संसार प्रसिद्ध पुष्कर मेले मे भडिंडा पंजाब की मारवाड़ी घोड़ी नगीना ने धूम मचा दी है। यह घोड़ी एक करोड़ की है. नगीना ने अश्वप्रेमियों का दिल तो जीता ही है साथ ही सोशल मिडिया और अखबारों की सुर्खिया भीं बन रही है। पुष्कर का अंतर्राष्ट्रीय पुष्कर मेला दिन पर दिन परवान चढ़ता जा रहा है। पुष्कर के चांदी और सोने जैसे धोरे अब जानवरों की आवाजो सेगूंज उठे है। भटिंडा से आई मारवाड़ी नस्ल की 63 इंच कद की घोड़ी अंतर्राष्ट्रीय पुष्कर पशु मेले में देश के विभिन्न राज्यों से अश्वों का पहुंचना जारी है। जिनमें कई देश-विदेश में नाम कर चुके है। इसी क्रम में पंजाब से अपने मालिक के साथ पहुंची 63 इंच से अधिक की नगीना नामक घोड़ी मेलार्थियों को आकर्षित कर रही है। यह घोड़ी प्रसिद्ध घोड़ा दिलबाग की संतान बताई जा रही है.इसके मालिक ने इसकी कीमत अब तक 1 करोड़ रुपए आंकी है। भटिंडा से आए अश्व पालक गौरा भाई ने बताया कि वे गत 2010 से लगातार इस मेले में आ रहे हैं। इस वर्ष वे मारवाड़ी व अन्य नस्लों के करीब 25 घोड़े-घोड़ियों के साथ मेले में पहुंचे है। इनमें नगीना सबसे अलग है। नगीना 31 माह की 63 इंच से अधिक लंबाई की मारवाड़ी नस्ल की घोड़ी है। उन्होंने इसकी कीमत 1 करोड़ रुपए आंकी है वहीं अब तक 55 लाख रुपए तक इसकी कीमत पहुंचने का दावा किया है। वे प्रतिदिन नगीना को 3 टाइम दाना देने के साथ राइडिंग करवाते है। उन्होंने बताया कि अश्वों का व्यापार अश्वों की क्विालिटी पर ही निर्भर करता है। इस वर्ष प्रशासन द्वारा मेले में की गई व्यवस्था पर उन्होंने संतोष जाहिर करते हुए कहा कि प्रशासन द्वारा इस बार नवाचार करते हुए ऑनलाइन भूखंड आवंटन की व्यवस्था कर सराहनीय पहल की है।

श्रद्धालुओं क़ो हुयी भारी दिक्क़ते

पुष्कर । सबसे व्यस्ततम हाई लेवल ब्रिज परिक्रमा मार्ग पर यातायात अस्थाई रूप से आखिर शुरू हुआ। इस मार्ग पर कार्य चलने के कारण, आवागमन में भारी दिक्कत हो रही थी और पुष्कर कार्तिक माह में परिक्रमा लगाने वाले श्रद्धालुओं को भारी दिक्कतें आ रही थी। प्रशासन ने पुष्कर मेले को देखते हुए इस मार्ग को खोल दिया है। मरम्मत कार्य जो कि समय पर पूर्ण होना असंभव था इस चक्कर में दिवाली और पुष्कर मेले जैसे बड़े त्यौहार के पहले ब्रिज मार्ग को यह कहकर कार्य एजेंसी से कार्य शुरू करवाया दिया गया कि 15 से 20 दिनों में कैसे भी करो पूरा कर दो जो कि कार्य के मानक और गुणवत्ता से समझौता करके ही किया जा सकता था। जल्द बाजी और आनन फानन में शुरू कार्य को जागरूक नागरिकों ने इतने कम समय में कार्य की गुणवत्ता प्रभावित होगी का विषय उठाकर उसकी जानकारी उच्च प्रशासन को दी गई कि भागम भाग में कार्य किया जाता है तो जनता के पैसों का दुरुपयोग साबित होगा।

रसद विभाग ने किए 2 सिलेण्डर जब्त

अजमेर, । रसद विभाग द्वारा पुष्कर मेले के दौरान घरेलू एलपीजी सिलेण्डरों के अवैध उपयोग को रोकने के लिए पुष्कर क्षेत्र में घरेलू गैस सिलेण्डरों की धरपकड़ का अभियान चलाया गया। जांच दल द्वारा 2 घरेलू एलपीजी सिलेण्डर जब्त किए गए। जिला रसद अधिकारी मोनिका जाखड ने बताया कि श्रीबालाजी रेस्टोरेन्ट पुष्कर से एक तथा जय माता टी स्टॉल से एक घरेलू एलपीजी सिलेण्डर जब्त किए गए।

चन्द्रवरदाई नगर में 50 लाख रुपये के विकास कार्यों का शुभारम्भ : भदेल

अजमेर, । अजमेर दक्षिण विधायक अनिता भदेल ने शनिवार को चन्द्रवरदाई नगर योजना के ए एवं बी ब्लॉक में सड़कों के रिकारपेटिंग कार्य और ए ब्लॉक स्थित पार्क के सौन्दर्यीकरण कार्यों का विधिवत पूजा-अर्चना कर शिलान्यास किया।

ए एवं बी ब्लॉक में सड़क निर्माण पर कुल 27.15 लाख रुपये तथा ए ब्लॉक के पार्क के जीर्णोद्धार व सौन्दर्यीकरण पर 22.96 लाख रुपये की लागत आएगी। कुल मिलाकर लगभग 50 लाख रुपये की राशि से क्षेत्र में इन विकास कार्यों को प्रारम्भ किया जा रहा है। विधायक भदेल ने कहा कि चन्द्रवरदाई नगर योजना में एडीए के अधीन आने वाले इन इलाकों में लंबे समय से सड़क निर्माण का कार्य नहीं हुआ था। कई गलियों में जगह-जगह गड्ढे हो चुके थे जिससे स्थानीय नागरिकों को आवागमन में भारी असुविधा का सामना करना पड़ता था। क्षेत्रवासियों द्वारा लगातार सड़क निर्माण एवं मरम्मत की मांग की जा रही थी। ऐसे में इन सड़कों के नवीनीकरण से लोगों को सुगम और सुरक्षित मार्ग उपलब्ध होगा तथा दैनिक जीवन में उन्हें राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि उनकी सिफारिश पर इन विकास कार्यों की स्वीकृति मिली है जिससे अब क्षेत्र के लोगों को इसका लाभ मिलेगा। विधायक भदेल ने बताया कि इसी प्रकार ए ब्लॉक के पार्क का सौन्दर्यीकरण भी अति आवश्यक हो गया था। वर्षा ऋतु के दौरान पार्क की घास पूरी तरह से खराब हो गई थी साथ ही पार्क के जीर्णोद्धार, समतलकरण, हरियाली बढ़ाने तथा आवश्यक इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करने के कार्य किए जाएंगे, पार्क के सुदृढ़ीकरण से क्षेत्र में स्वास्थ्यप्रद वातावरण तैयार होग विधायक भदेल ने कहा कि दीपावली से पूर्व भी उनके द्वारा विधानसभा क्षेत्र में कई विकास कार्यों का शिलान्यास किया जा चुका है। उन सभी कार्यों को गति प्रदान कर दी गई है और जल्द ही आमजन को उनका प्रत्यक्ष लाभ मिलना आरंभ हो जाएगा। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार विकास कार्यो को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है और यही कारण है कि अजमेर दक्षिण में लगातार विकास कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्रत्येक वार्ड में आवश्यकताओं के अनुरूप बजट स्वीकृत करवाकर निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं। इसी क्रम में आगामी दिनों में चन्द्रवरदाई नगर एफ ब्लॉक में नाला मरम्मत कार्य का भी शिलान्यास किया जाएगा।

26 अक्टूबर को 8 विशेष ट्रेनों का संचालन

अजमेर, (कासं)। त्यौहारी सीजन में अतिरिक्त यात्रीभार के मद्देनजर रेलवे द्वारा विशेष ट्रेनें चलाई जा रही है जिसके अंतर्गत दिनांक 26 अक्टूबर 2025 को अजमेर स्टेशन से 08 विशेष ट्रेनों का संचालन किया जाएगा। मंडल रेल प्रबंधक राजू भूतड़ा द्वारा त्योहारी सीजन में अतिरिक्त यात्रभार के कारण भीड़ नियंत्रण से संबंधित व्यवस्थाओं पर विशेष निगरानी की जा रही है और अधीनस्थ अधिकारियों को सभी संबंधित व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान देने को कहा है ताकि यात्रियों को किसी प्रकार की सुविधा न हो। मंडल रेल प्रबंधक श्री राजू भूतड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि स्टेशनों पर होल्डिंग एरिया के साथ-साथ मंडल कार्यालय में वार रूम स्थापित किया गया है ताकि किसी भी प्रकार की यात्रियों से असुविधा संबंधित शिकायत आती है तो तुरंत उस पर कार्रवाई करते हुए राहत प्रदान की जा सके ।अजमेर स्टेशन से 26 अक्टूबर को संचालित होने वाली जो विशेष ट्रेनों हैं उसमें अजमेर- भिवानी स्पेशल अजमेर स्टेशन से 17:30 बजे रवाना होगी, साबरमती- गोरखपुर स्पेशल अजमेर स्टेशन पर 16:00 बजे आएगी और 16:10 बजे रवाना होगी, बरौनी -राजकोट अजमेर स्टेशन पर 15:50 बजे आएगी और 16:00 बजे रवाना होगी, अजमेर -बांद्रा टर्मिनस स्पेशल अजमेर स्टेशन से 6:35 बजे रवाना होगी।

नाम परिवर्तन

मैं, हैरी सिंह, पुत्र श्री सुरेन्द्र सिंह, निवासी 638/J-24, सुभाष नगर, अजमेर, यह सूचित करता हूँ कि मेरी 10वीं कक्षा की अंकतालिका में मेरी माता का नाम गलत छपा हुआ है। अंकतालिका में मेरी माता का नाम कुलविन्दर सिंह लिखा गया है, जबकि सही नाम कुलविन्दर कौर है। कृपया भविष्य के सभी अभिलेखों में मेरी माता का नाम कुलविन्दर कौर ही माना जाए। नाम- हैरी सिंह, पता-638/J-24, सुभाष नगर, अजमेर

दस्तावेजों की कूटरचना करने वाली महिला के खिलाफ मुकदमा दर्ज

अजमेर भीलवाडा (निसं) अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट संख्या 2 ने परिवादी सुनिल सोनी द्वारा प्रस्तुत परिवाद में अधिवक्ता पी.डी. मिश्रा के तर्क से सहमत हो कर साकेत नगर निवासी स्व. विनोद वर्मा की साजिशन हत्या करने एवं उसकी सम्पति को हरण के लिये दस्तावेजों की कूट रचना को प्रथम दृष्टया मानते हुए मीरा सोनी, दिपक खजवानिया, प्रिंस खजवानिया , रामप्रसाद सोलीवाल, गोविन्द सोलीवाल एवं पुखराज लक्षकार के विरुद्ध धारा 103(1), 316(2), 330(3), 338,340(2), 61(2) बीएनएस के तहत पुलिस थाने में मुकदमा दर्ज कर जांच अदालत में पेश करने के आदेश दिये। जिस पर साकेत नगर थाना पुलिस ने मुल्जिम के विरुद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 0409/2025 दर्ज करते हुए प्रकरण की जांच पुलिस निरीक्षक जितेंद्र फ़ौज़दार को सौपी है। गौरतलब है की स्व. विनोद वर्मा परिवादी सुनिल सोनी के रिश्ते में चाचा लगते थे। जिनकी सहस्यमय मृत्यु दिनांक 23/09/2024 को हो गयी थी। जिन्हें उक्त रात तबीयत खराब होने के कारण अमृतकौन अस्पताल में भर्ती कराने के नाम पर मृतक के शव को रातभर एम्बुलेन्स में ही रखा गया और किसी भी प्रकार का इलाज अनुतकौर में नहीं करवाया। मृतक को अस्पताल ले जाया गया तो गेट पर ही मृत होने के कारण वापस भेज दिया गया। बावजूद इसके शव को साकेत नगर स्थित घर नहीं ले जा कर एम्बुलेन्स में ही अस्पताल के बाहर पड़े रखा जो की संदेह का पुख्ता कारण बना। दूसरे दिन प्रातः मृतक को दाह संस्कार हेतु ले जाने से पूर्व भतीजे सुनिल को फोन पर सूचना दी गयी जिस पर परिवादी मोके पर पहुंचा जिसने मृतक के मुह से निकले झाग का कारण पुछने पर वहां मौजूद मीरा सोनी, रामाप्रसाद सोनी एवं गोविन्द ने बहाना बना कर परिवादी को डराने और धमकाने लगे कि तुम तो लाश को यहीं पर सड़ाना चाहते हो। वहां मौजूद विनोद की भुआ पार्वती बाई ने कहा कि विनोद कल शाम तक तो सही था फिर अचानक इसे क्या हो गया। इस पर मीरा ने विवाद करते हुए शोर मचाते हुए अपने पति दीपक खजवानिया, पुत्र प्रिन्स , रामप्रसाद सोलीवाल, गोविन्द सोलीवाल और पुखराज लक्षकार को बुला कर परिवादी से झगड़ा करने लग गई। इस बिच उन्होंने मृतक का डाह संस्कार के लिये विदा कर दिया। गौरतलब है कि मीरा और उसका पति दीपक व. पुत्र प्रिंस स्व विनोद की मृत्यु से मात्र 15 दिन पहले ही विनोद के मकान में आ कर रहने लग गये ।

विद्या मंदिर का अनुशासन सफलता का मूल आधार

ब्यावर (निसं) आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय के सभागार में पूर्व छात्र मिलन समारोह उत्सव और आत्मीयता के साथ संपन्न हुआ।कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम अध्यक्ष मुकेश कुमार साहू, मुख्य अतिथि श्वेता जनागल, विशिष्ट अतिथि समीर राजपुरोहित ,मनोज कुमार टेलर (जिला मंत्री ,विद्या भारती संस्थान अजमेर) रमेश चंद्र भरडिया (अध्यक्ष, विद्यालय प्रबंध समिति) गोविंद कुमार सेन (उपाध्यक्ष,विद्यालय प्रबंध समिति) ने दीप प्रज्वलन और मां सरस्वती की वंदना के मधुर स्वर के साथ किया ।प्रधानाचार्य नवीन कुमार सैनी ने विद्या भारती संस्थान की विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए अतिथियों का आदर सत्कार किया। मुख्य अतिथि श्वेता जनागल ने अपने संबोधन में बताया कि मेरी प्रतियोगी परीक्षा में और जीवन में सफलता का आधार विद्या मंदिर के द्वारा सिखाए गए अनुशासन और संस्कारमय वातावरण रहा है ।इस अवसर पर पूर्व छात्र परिषद के अध्यक्ष विश्वास शर्मा ने मंच संचालन करते हुए विद्यालय के पूर्व भैया /बहिन के साथ अपने अनुभव साझा किया तथा विद्यालय में बिताए सुनहरे पलों का स्मरण किया।

कार्यालय नगर परिषद किशनगढ़ (अजमेर) राजस्थान

क्रमांक : न.प.कि/कृषि भूमि नियमन /2025/2721 आम सूचना दिनांक :25-10-25

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद किशनगढ़ में राजस्व ग्राम तोलामाल के खसरा 420/211 का भूखण्ड का कुल 7524.00 वर्गमीटर (वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ) हेतु पट्टा चाहने हेतु कृषि भूमि नियमन के तहत आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदित भूखण्ड के नियमन में संबंधित किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशन की दिनांक से 07 दिवस में इस कार्यालय को लिखित में आपत्तियां/मय साक्ष्य/विवरण सहित कार्यालय समय में दर्ज करावें।

क. सं.	प्रार्थी का नाम	राजस्व ग्राम का नाम एंव खसरा नं व क्षेत्रफल	प्रस्तावित कृषि भूमि नियमन
1.	श्री बलभद्र सिंह शेखावत पुत्र श्री प्रताप सिंह शेखावत व अन्य	तोलामल खसरा 420/211 7524.00 वर्गमीटर	(वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ) पट्टा चाहने हेतु

-आयुक्त, नगर परिषद किशनगढ़

कार्यालय नगर परिषद किशनगढ़ (अजमेर) राजस्थान

क्रमांक : न.प.कि/कृषि भूमि नियमन /2025/2718 आम सूचना दिनांक :25-10-25

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद किशनगढ़ में राजस्व ग्राम तोलामाल के खसरा 215 का भूखण्ड का कुल 13349.00 वर्गमीटर (वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ) हेतु पट्टा चाहने हेतु कृषि भूमि नियमन के तहत आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदित भूखण्ड के नियमन में संबंधित किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशन की दिनांक से 07 दिवस में इस कार्यालय को लिखित में आपत्तियां/मय साक्ष्य/विवरण सहित कार्यालय समय में दर्ज करावें।

क. सं.	प्रार्थी का नाम	राजस्व ग्राम का नाम एंव खसरा नं व क्षेत्रफल	प्रस्तावित कृषि भूमि नियमन
1.	श्रीमती शशिबाला कंवर पत्नि श्री देवी सिंह शेखावत व अन्य	तोलामल खसरा 215 13349.00 वर्गमीटर	(वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ) पट्टा चाहने हेतु

-आयुक्त, नगर परिषद किशनगढ़

दीपावली स्नेह मिलन समारोह मनाया

अजमेर । अजमेर दक्षिण विधायक अनिता भदेल के तत्वाधान में शनिवार को झलकारी बाई मंडल द्वारा दीपावली स्नेह मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रभु श्री राम के भक्त हनुमान जी की आराधना एवं सुन्दरकाण्ड पाठ के साथ हुई। भक्तिमय माहौल में बड़ी संख्या में महिलाएँ व क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। विधायक अनिता भदेल ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया और सभी को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि दीपों का यह पावन पर्व अंधकार पर प्रकाश, असत्य पर सत्य और अन्याय पर न्याय की विजय का प्रतीक है। यह त्योहार हम सभी के जीवन में नई ऊर्जा, उत्साह और सकारात्मकता लेकर आता है।उन्होंने झलकारी बाई मंडल की सक्रियता और समाज सेवा के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि समाज में महिला शक्ति सदैव प्रेरणा का स्त्रोत रही है।

अच्छा खेले, आगे बढ़े, शतकवीर बने : वासुदेव देवनानी

- सम्राट पृथ्वीराज चौहान क्रिकेट टी -10 महोत्सव-2025 का हुआ भव्य शुभारंभ
- शिक्षा जितनी आवश्यक, उतने ही जरूरी खेल : भागीरथ चौधरी

अजमेर,र। अजयमेरु जन कल्याण समिति की ओर से आयोजित टी-10 सम्राट पृथ्वीराज चौहान क्रिकेट महोत्सव-2025 का भव्य उद्घाटन शनिवार को पटेल मैदान में हुआ। इस प्रतियोगिता का समापन 30 अक्टूबर को होगा। उद्घाटन समारोह में विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी एवं केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री श्री भागीरथ चौधरी सहित अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी कहा कि क्रिकेट आज युवाओं का सबसे पसंदीदा खेल बन चुका है। कोई इसे देखता है, तो कोई पूरे जुनून के साथ मैदान में खेलता है, उन्होंने कहा कि क्रिकेट अब केवल खेल नहीं रहा, इसमें राजनीतिक मंच का रूप ले लिया है। राजनीतीकरण से खेल एवं खिलाड़ी का नुकसान होता है।

उन्होंने कहा कि सम्राट पृथ्वीराज चौहान क्रिकेट